समस्त पत्र–व्यवहार "कुलसचिव" को ही संबोधित किया जाये किसी अधिकारी के व्यक्तिगत नाम से नहीं । पूर्व सन्दर्भ यदि हो तो, देना आवश्यक हैं अन्यथा कोई कार्यवाही संभव नहीं होगी ।

दूरभाष : 2529540,2527532
तार : यूनिव्हर्सिटी
फेक्स : 0731–2529540

देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर

विश्वविद्यालय भवन,
इन्दौर–452001

क./लेखा/2026/अंकेक्षण/ 68

दिनांक : 31 JUL 2026

प्रति,

1. निदेशक/संचालक/विभागाध्यक्ष, समस्त अध्ययनशालायें/ अध्ययन संस्थान,
2. वार्डन, विश्वविद्यालय के बाफना, जवाहरलाल नेहरू, कमला नेहरू छात्रावास एवं सी.व्ही. रमन छात्रावास ,
3. वि.वि. के समस्त विभागीय अधिकारी, दे.अ.वि.वि., इन्दौर

विषय :– आवासीय संपरीक्षा में प्रस्तुत देयक के साथ निर्धारित प्रारूप में पे–आर्डर/वाउचर तैयार कर संलग्न करने विषयक।

संदर्भः– आवासीय संपरीक्षा से प्राप्त पत्र कमांक/अंकेक्षण/DAVV/41,42,43 दिनांक 29/06/2026 एवं कंमाक/68 दिनांक 28/07/2026

महोदय/महोदया,

उपरोक्त संदर्भित पत्रों द्वारा स्थानीय निधि संपरीक्षा कार्यालय, दे.अ.वि.वि. इन्दौर ने विश्वविद्यालय के वित्तीय अभिलेखों की जांच के दौरान विभिन्न मदों में किए जा रहे भुगतानों में निर्धारित वित्तीय प्रकियाओं का पूर्णतः पालन नहीं किया जाना दर्शाया है। उनके अनुसार देयक आवासीय संपरीक्षा में बिना पे–आर्डर (pay order) /वाउचर के ही प्रस्तुत किए जा रहे है जबकि वित्तीय अनुशासन और पारदर्शिता बनाए रखने के लिए प्रत्येक भुगतान से संलग्न पत्र के बिन्दुओं में उल्लेखित प्रकिया का अनिवार्य रूप से पालन किया जाना सुनिश्चित किये जाने हेतु अनुरोध किया है।

अतः भविष्य में आवासीय सपरीक्षा को प्रेषित किये जाने वाले समस्त देयक संदर्भित पत्रों में उल्लेखित प्रक्रिया के अनुसार ही निर्धारित पे–आर्डर/वाउचर प्रारूप पर संसाधित (Process) कराकर प्रस्तुत करें।

Controller of Finance
Devi Ahilya Vishwavidyalaya
INDORE

वित्त नियंत्रक

प्रलिलिपि :

1. कुलपति जी के सचिव, दे.अ.वि.वि. इन्दौर
2. कुलसचिव जी के निज सहायक, दे.अ.वि.वि., इन्दौर की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

सहायक कुलसचिव (वित्त)